# ना जाने कितनो को जीवन तुमने दिया उधार

ना जाने कितनो को जीवन,
तुमने दिया उधार,
मेरे सांवरिया सरकार,
मेरे साँवरिया सरकार
मुझ पर भी किरपा की नज़र,
तुम कर दो ना एक बार,
मेरे साँवरिया सरकार,
मेरे साँवरिया सरकार।bd।

---

चमत्कार हर रोज़ ही होता,
श्याम तुम्हारे दर पर,
अनहोनी को होनी करते,
देखा तुम्हे है अक्सर,
बिगड़ी किस्मत को एक पल में,
तुमने दिया संवार,
मेरे साँवरिया सरकार,
मेरे साँवरिया सरकार।bd।

---

जिसने तेरी चौखट चूमी,
काम बना है झटपट,
तेरी मोरछड़ी के आगे,
आये ना कोई संकट,
हम दीनो का पालनहारा,
तू ही तारणहार,
मेरे साँवरिया सरकार,
मेरे साँवरिया सरकार।bd।

---

तेरी दातारी के आगे,
नतमस्तक है 'कुंदन',
अपनी दया से कर देता है,
दूर तू सारी उलझन,
अपने लाल विशाल राज पर,
सदा लुटाता प्यार,
मेरे साँवरिया सरकार,
मेरे साँवरिया सरकार।bd।

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

ना जाने कितनो को जीवन,
तुमने दिया उधार,
मेरे सांवरिया सरकार,
मेरे साँवरिया सरकार
मुझ पर भी किरपा की नज़र,
तुम कर दो ना एक बार,
मेरे साँवरिया सरकार,
मेरे साँवरिया सरकार।**bd**।

**Singer – Vishal Raaz**

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com